sns academy

a fingerprint school

Sincerity, Nobility and Service

1st Terminal Examination- – 2019-20

HINDI (2nd Lang)

GRADE: VIII **MARKS: 80**

DATE: 20.09.2019 **TIME: 3 Hrs**

खण्ड- क

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

हम 1947 से आजाद हुए। हम करीब पाँच सौ साल की गुलामियत में रहे। आजादी भी आधी रात में प्राप्त हुई। आजकल की पीढ़ी को स्वतंत्रता का मूल्य जितना मालूम होना था उतना नहीं हो रहा है। असल में कल्पना करके देखें तो मालूम होगा। अंग्रेजी सरकार के शासन में स्वतंत्र रूप से बोलने, लिखने और अन्य लोगों से मिलने के लिए भी पाबन्दी बनी हुई थी। स्वतंत्रता हमें आसानी से नहीं मिली। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने खून बहाकर, कारावास में कड़ी सजा भोगकर, इस देश को आजादी दिलायी। महात्मा गाँधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, काका कालेलकर, लाल बहादुर शास्त्री जैसे अनमोल नेताओं के त्याग और सत्याग्रह से हमें आजादी मिली है।

क) हम कितने साल गुलामियत में रहे ? 2

ख) अंग्रेजी सरकार के शासन में क्या पाबन्दी बनी हुई थी ? 2

ग) हमें आजादी कैसे मिली ? 2

घ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

खण्ड- ख

प्र.2. क) वर्ण-विच्छेद कीजिए- 2

1. श्रेष्ठ 2. विक्रमादित्य

ख) दिए गये शब्द से उपसर्ग और मूल शब्द को अलग कीजिए- 2

1. अस्पष्ट 2. अनिश्चित

ग) दिए गये शब्द से प्रत्यय और मूल शब्द को अलग कीजिए- 2

1. प्रभावशाली 2. लेखक

प्र.3. वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर वाक्य पुन: लिखिए। 5

क. हाथी तालाब में नहा रहा है।

ख. लेखक लेख लिखता है ।

ग. धोबी कपड़े धो रहा है ।

घ. अध्यापिका पाठ पढ़ा रही हैं ।

ड़. जंगल में शेर दहाड़ रहा है ।

प्र.4 (क) दिये गये वाक्यों को पढ़कर सही (✓) तथा गलत (x) का निशान लगाइये। 5

1. 'जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा।' वाक्य निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।
2. 'मैं पढ़ने जा रही हूँ।' वाक्य पुरूषवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।
3. 'राजा तुम क्या कर रहे हो ?' वाक्य प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।
4. 'दरवाजे पर कोई है।' वाक्य अनिश्चयवाचक वाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

5. 'ये मेरी अध्यापिका हैं।' वाक्य निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

(ख) उचित सर्वनाम शब्दों से खाली स्थान भरिए । 5

1. बाहर जाकर देखो ________ पुकार रहा है।
2. ____ आराम करने जा रहा हूँ ।
3. बाहर जाने से पहले ______ कुछ खाकर जाइये।
4. _____ पढ़ रहा है ।
5. यह _____ किताब है ।

(ग) दिए गये सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 5

क) यह ख) वे ग) कहाँ घ) उनके ड़) उसका

खण्ड- ग

प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) महाराज का हाल किससे बेहाल था ? 2

ख) कालीदास ने सेवक को किसमें पानी भरने का आदेश दिया ? 2

घ) किसका चेहरा विकृत हो गया और क्यों ? 3

प्र.6. ' सोने की सुराही पाठ ' से क्या शिक्षा मिलती है ? 5

(**अथवा**)

सोने की सुराही से मिट्टी की सुराही उपयोगी होती है क्यों ?

प्र.7. हिन्दी में अर्थ लिखिए । 10

1. विकृत 2. अत्यंत 3. सुझाव 4. दृष्टि 5. बेहाल

6. विद्वान 7. व्यंग्य 8. दरबार 9. सेवक 10. शुक्रिया

खण्ड- घ

प्र.8. कोई एक अनुच्छेद लिखिए । 5

(**क**) आज की शिक्षा (**ख**) वृक्षों की उपयोगिता

प्र.9. आप अपने परिवार के साथ गर्मियों की छुट्टियों में कहीं घूमने जाना चाहते हैं। अपनी इस इच्छा के लिए पिताजी से वार्तालाप कीजिए। 5

प्र.10. मित्र को दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए । (**अथवा**) 5

व्यायाम के लाभ के बारे में बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र.11. किताबों की नयी दूकान खोलनी है इसके लिए एक विज्ञापन दीजिए। 5

प्र.12. दिये गये चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 5

__ शुभम् __